# एक्सप्रेसवे पर 26 चार्जिंग स्टेशन के लिए 11 कंपनियां लाइन में

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के चार एक्सप्रेसवे पर 26 चार्जिंग स्टेशनों के लिए 11 कंपनियों ने रुचि दिखाई है। ये पब्लिक चार्जिंग स्टेशन बुंदेलखंड, पूर्वांचल, आगरा-लखनऊ और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर बनाए जाएंगे। यूपीडा ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। पब्लिक चार्जिंग स्टेशन को ईवी नीति और केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के दिशा-निर्देश के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इन स्टेशनों पर पेट्रोल पंपों की तरह सार्वजनिक सुविधाएं भी होंगी। एक्सप्रेसवे के किनारे भविष्य में बैंक्वेट और वेडिंग हॉल की सुविधा भी दी जाएगी।

प्री बिड मीटिंग में रिलायंस, जीएमआर एनर्जी, अडानी टोटल एनर्जी, बेलेक्ट्रिक, लाइट जिप टेक्नोलॉजी, ईवी प्लेक्सस, सिमेंस लि., कैश और ड्राइव, एएम एंड सीईई मोबिलिटी, एम्पवोल्ट्स और रैज एंड शाइन ने चार्जिंग स्टेशन लगाने की रुचि दिखाई है। सरकार 26 चार्जिंग स्टेशन के लिए प्रति स्टेशन दो हजार वर्गफीट की जगह दस साल की लीज पर देगी। जमीन मिलने के 6 माह के अंदर चार्जिंग स्टेशन शुरू करना होगा। इसके पांच साल बाद सरकार को प्रत्येक चार्जिंग स्टेशन के राजस्व में से पांच प्रतिशत प्राप्त होगा। वहीं, बुंदेलखंड, पूर्वांचल और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे वे साइड एमिनिटीज (सुविधाएं) भी विकसित की जाएगी।

## सरकार से जमीन मिलने के 6 माह के अंदर शुरू करना होगा चार्जिंग स्टेशन